मेला संस्कृति ही भोपाल की पहचान : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया भोपाल उत्सव मेले का शुभारंभ

भोपाल, 18 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और मेले एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं. शहर में जिधर भी नजर जाए, मेलों की जीवंतता दिखाई देती है. इसी वजह से भोपाल को मेला संस्कृति की दृष्टि से देश के बेहतर शहरों में शामिल किया जाता है. उन्होंने कहा कि ये मेले शहर की पहचान को मजबूत करने के साथ ही स्थानीय समाज, परंपराओं और सामुदायिक संबंधों को भी जीवित रखते हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेला संस्कृति को प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक समरसता बढ़ाने में सहायक है. ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और उद्यमियों के हुनर को मंच प्रदान करते हैं. मुख्यमंत्री ने मंगलवार शाम टी.टी. नगर के दशहरा मैदान में 33वें भोपाल उत्सव मेले का दीप प्रज्जवलन, गणेश पूजा एवं फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया. भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 1991-92 में मात्र 70 स्टाल-दुकानों से प्रारंभ हुआ यह मेला, पिछले 3 दशकों से लगातार अपने ध्येय वाक्य 'उत्सव, व्यापार, मनोरजंन एवं सेवा' को सार्थक कर रहा है. मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, भोपाल महापौर मती मालती राय, आशीष ऊषा अग्रवाल आदि मौजूद रहे.

संस्कृति का हिस्सा है मेले

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले प्राचीन समय से ही हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं, ये व्यापार को विस्तार देने का साधन थे, साथ ही हमारे धर्म, परंपरा, और संस्कृति के भी वाहक थे. उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी परंपरा और संस्कृति को भूल जाता है, वह राह से भटक जाता है या नष्ट हो जाता है. इसलिए जरूरी है कि हम अपनी मेला संस्कृति को जीवित रखें. संस्कृति, परंपरा, विरासत किसी भी समुदाय की पहचान और स्मृति के प्रमुख घटक हैं. सांस्कृतिक प्रथाएं, परंपराएं समुदायों को एक साथ लाती हैं. सामाजिक एकता के लिए ये आवश्यक हैं, इसलिए मेलों को जीवित बनाये रखें.

हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही सरकार

- महार समाज संगठन ने किया कार्यक्रम आयोजित
- प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल रहे मौजूद

भोपाल, 18 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय भोपाल में महार समाज संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास एवं सबका विश्वास के ध्येय के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है.

सामाजिक चेतना की जागृति के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने और राष्ट्रसेवा में महार समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस अभिनव आयोजन के लिए सभी समाजजनों का मैं अभिनंदन करता हूँ.

> **बाबा साहब ने आरक्षण नहीं, बल्कि संरक्षण दिया**
>
> भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब ने देश को केवल आरक्षण नहीं, बल्कि संरक्षण प्रदान किया, जो एक समतामूलक और मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है.

> **शिक्षा ही महार समाज का प्रमुख हथियार**
>
> भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक ने कहा कि भारत जैसे देश में कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब शिक्षा उस समाज का प्रमुख हथियार होती है. उन्होंने महार समाज की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के मामले में यह समाज अग्रणी है.

सुरों और शब्दों की अनुपम संध्या सजी

- झलका साहित्य का सौंदर्यबोध
- काव्य गोष्ठी व दीपावली मिलन समारोह

भोपाल, 18 नवंबर. राजधानी की सुविख्यात गजलकारा अभिलाषा श्रीवास्तव 'अनुभूति' के निज निवास पर दीपों की उजास और भावों की महक से परिपूर्ण भव्य काव्य गोष्ठी एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हुआ. इस अवसर पर साहित्य, संगीत और संवेदना का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला जिसने श्रोताओं को आत्मीयता और रचनात्मकता के एक दुर्लभ लोक में पहुँचा दिया.

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके पश्चात् अभिलाषा 'अनुभूति' ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि, साहित्य संवाद का सबसे सशक्त माध्यम है, जो दीप की तरह अंधकार में भी उजाला फैलाता है.

इस सुमधुर शाम में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, वरिष्ठ गीतकार ऋषि श्रृंगारी, मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानि, सचिव एवं प्रसिद्ध गजलकार मनीष बादल, सह सचिव डॉ. प्रार्थना पंडित, दुष्यंत संग्रहालय की अध्यक्ष करुणा राजुरकर, वरिष्ठ गजलकार दीपक पंडित तथा वरिष्ठ साहित्यकार अशोक निर्मल जैसे मनीषियों की उपस्थिति ने गोष्ठी को विशेष गरिमा प्रदान की.

डॉ. विकास दवे ने इस अवसर पर कहा कि अभिव्यक्ति की असली ताकत वही है जो व्यक्ति को समाज से जोड़ दे और मनुष्य में संवेदना जगाए.

मनीष बादल और दीपक पंडित की गजलों ने श्रोताओं के हृदय में झंकार भर दी, वहीं डॉ. प्रार्थना पंडित की कविताओं में नारी संवेदना और आत्मबल का सशक्त स्वर सुनाई दिया.

हनुमान मंदिर में मनाया प्रथम स्थापना दिवस

भोपाल, 18 नवंबर. श्री संकटमोचन हनुमान जी मंदिर, बैंकनगर अशोका गार्डन भोपाल में प्रथम स्थापना दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया इस पावन अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुए कार्यक्रम के अनुसार 17 नवंबर 2025, प्रातः 11 बजे से श्री रामायण जी पाठ का शुभारंभ हुआ वहीं 18 नवंबर 2025, सायं 7 बजे से भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया आयोजक राजकुमार शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज पूरे देश में सनातन धर्म की जय जय कार हो रही है और भगवान हनुमान जी के आशीर्वाद से देश और प्रदेश में अमन चैन है.

शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

- 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव के समापन समारोह
- मंत्री विश्वास सारंग ने युवाओं को किया सम्मानित

भोपाल,18 नवंबर. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है. वैभवशाली राष्ट्र बनाने में युवाओं का योगदान जरूरी है. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि प्रदेश के निर्माण, समाज कल्याण और राष्ट्र को अग्रसर बनाने में अपना सर्वस्व लगायें.

मंत्री सारंग रवीन्द्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस मौके पर उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया. युवा उत्सव प्रदेश की संस्कृति को सहेजने में सहायक मंत्री सारंग ने कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति ही है, जो दिशा और दशा तय करती है. हर परिवर्तन और क्रांति के पीछे युवा ही हैं. युवाओं को अपनी शक्ति सही दिशा में लगानी चाहिये. युवा ही देश की पूँजी एवं सम्पदा हैं. उन्हीं से देश का भविष्य तय होता है. युवा उत्सव प्रदेश की संस्कृति को सहेजने में सहायक है. युवा उत्सव के माध्यम से युवाओं ने प्रदेश और देश की संस्कृति को सहेज कर रखा है और अन्य लोगों को इससे अवगत करवा रहे हैं. उन्होंने कहा कि युवा अपनी संस्कृति को बचाकर रखें. इससे बड़ा और कोई योगदान नहीं है.

> राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाषण विधा में प्रथम ग्वालियर संभाग के सोमेश, द्वितीय भोपाल संभाग के तनिष जैन और तृतीय इंदौर संभाग के सजल जैन रहे. कहानी लेखन में प्रथम शहडोल संभाग की कृति शुक्ला, द्वितीय उज्जैन संभाग के गोपाल मालवीय और तृतीय सागर संभाग की मायरा सिंघानिया, पेंटिंग में प्रथम ग्वालियर संभाग की अमृता धाकड़, द्वितीय इंदौर संभाग की संस्कृति श्रीवास्तव और तृतीय जबलपुर संभाग के सुयांश निखरे, कविता लेखन में प्रथम सागर संभाग के नकुल तिवारी, द्वितीय जबलपुर संभाग की काजल चक्रवर्ती और तृतीय नर्मदापुरम संभाग की वैशाली को सम्मानित किया गया.

एक नजर में

प्राकृतिक तरीकों से बीमारियों का होगा इलाज

भोपाल,18 नवंबर (नवभारत प्रतिनिधि). एम्स के आयुष विभाग ने 8वें नेचुरोपैथी डे के अवसर पर गट मेटाबॉलिज्म एक्सिस विषय पर एक महत्वपूर्ण हेल्थ टॉक का आयोजन किया. यह आयोजन नागरिकों को प्राकृतिक और समग्र चिकित्सा पद्धतियों की भूमिका और क्रॉनिक बीमारियों की रोकथाम व सुधार के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया. गट मेटाबॉलिज्म एक्सिस हमारे पाचन तंत्र उसमें मौजूद अच्छे बैक्टीरिया और शरीर की ऊर्जा बनाने की प्रक्रिया के बीच के महत्वपूर्ण संबंध को दर्शाता है. यह एक्सिस हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करता है. कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने प्राकृतिक और समय चिकित्सा पद्धति से क्रॉनिक बीमारियों की रोकथाम और सुधार पर विस्तृत जानकारी दी. डॉ मनोज जॉनसन मेडिकल डायरेक्टर जॉनमैरीअन्स वेलनेस ग्रुप ने गट माइक्रोब्स की भूमिका और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से ऑटोइम्यून और क्रॉनिक बीमारियों में सुधार लाने के तरीकों पर चर्चा की. दूसरे महत्वपूर्ण सत्र में डॉ प्रवीण जैकब चीफ साइंटिफिक एडवाइजर आत्मंतन वेलनेस सेंटर एवं सीईओ अल्फ़ा नेचुरल न्यूट्रिशन ने इंटरमिटेंट फास्टिंग और ऑटोफैजी की प्रक्रिया पर चर्चा की. इस कार्यक्रम का सफल आयोजन आयुष विभाग द्वारा किया गया. जिसमें डॉ दानिश जावेद सीनियर मेडिकल ऑफिसर आयुष और डॉ मु?द्दा सोफिया मेडिकल ऑफिसर योग ने क्रमश: ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन और सेक्रेटरी के रूप में नेतृत्व किया. एम्स भोपाल की यह पहल प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने और समग्र स्वास्थ्य के महत्व को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.ॉ

अंतर्राष्ट्रीय कथक गुरु का सम्मान

भोपाल, 18 नवंबर. अंतर्राष्ट्रीय कथक गुरु सुबोध कुमार शर्मा जी जो संगीत नाट्य अकादमी द्वारा नटराज की उपाधि से सम्मानित है कुचामन सिटी जयपुर राजस्थान के निवासी सुबोध कुमार शर्मा जी (नटराज) 89 वर्ष आयु होने के बावजूद भी कत्थक नृत्य में निरंतर कार्यरत हैं और उनका उद्देश्य अभी युवा कलाकारों में उमंग उत्साह जागृत करना है शास्त्रीय संगीत से आज की पीढ़ी को जोड़ने और प्रेरित करने का कार्य निरंतर कर रहे हैं संगीत क्या है और संगीत का हमारे जीवन में क्या महत्व है इन अनेकों प्रश्नों पर एवं कथक नृत्य से जुड़ी बारीकियो पर भी गुरु जी ने प्रकाश डाला. अंतरराष्ट्रीय गुरु श्री सुबोध कुमार शर्मा जी को कलार्जन नृत्य नाट्य संस्थान समिति की संचालिका दीपाली शुक्ला पाठक द्वारा सम्मानित किया गया कथक नृत्य में युवा छात्राओं (प्रांशी शर्मा, प्रणिता मेश्राम, अविष्का सिंह गौर, अदिति लोहिया, प्रशंसा बाथरे) द्वारा गुरु वंदना, श्री राम स्तुति व कथक नृत्य की तीन ताल के बोल पर कक्षा की सभी छात्राओं ने प्रस्तुति दी. इस नृत्य संस्था को दीपाली शुक्ला पाठक गत 15 वर्ष से कोलार रोड नयापुरा व दृष्टि सिटी भोपाल में संचालित कर रही हैं.

45 इलाकों में आज होगी बिजली की कटौती

भोपाल, 18 नवंबर. राजधानी के करीब 45 इलाकों में बुधवार को 2 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें शिवनगर, भेल नगर, बसंतकुंज, छत्तीसगढ़ कॉलोनी, इंडस गार्डन, मद्रासी बस्ती, हर्षवर्धन नगर, पंचशील नगर, राहुल नगर, सिंधी कॉलोनी, शाहजहांनाबाद, राजीव नगर समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें।

21 से 23 तक रंग त्रिवेणी नाट्य उत्सव में सजेगी रंगमंच की त्रिवेणी

भोपाल, 18 नवंबर. शहर में कला प्रेमियों के लिए नवंबर का महीना खास रहने वाला है. सघन सोसायटी फॉर कल्चरल एंड वेलफेयर द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के सहयोग से रंग त्रिवेणी नाट्य उत्सव का ग्यारहवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है. यह उत्सव 21 से 23 तक प्रतिदिन शाम सात बजे रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप परिसर में होगा. उद्घाटन दिवस पर दर्शकों को रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचना चारूलता का मंचन देखने को मिलेगा, जिसका निर्देशन डॉ किशोर ने किया है और इसे सोमा स्टूडियो तथा मास्टर स्टूडियो पटना द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा. दूसरे दिन कार्यक्रम का विस्तार संगीत और नाटक दोनों से होगा. अक्षदा सोशल ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति के साथ नाटककार द्वारा लिखित विदूषक का मंचन किया जाएगा.

युवा समाजसेवी पाटीदार को जिला अध्यक्ष किया नियुक्त

नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन ने दी जिम्मेदारी

भोपाल, 18 नवंबर. नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन द्वारा भोपाल के युवा समाजसेवी चेतन पाटीदार को जिला अध्यक्ष (भोपाल) के पद पर नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति का पत्र एनएचआरए के चेयरमैन डॉ. कुलदीप कुमार मिश्रा द्वारा जारी किया गया.

संस्था ने बताया कि चेतन पाटीदार को यह ज़िम्मेदारी समाज के प्रति उनके योगदान और जनसेवा में सक्रिय भूमिका को देखते हुए प्रदान की गई है. एनएचआरए का मुख्य उद्देश्य समाज में शोषण एवं अत्याचार को समाप्त करना तथा मानवाधिकारों की रक्षा करना है. नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि पाए जाने पर पद और सदस्यता तत्काल समाप्त कर दी जाएगी. नई ज़िम्मेदारी मिलने पर चेतन पाटीदार ने संस्था का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे मानवाधिकारों की रक्षा तथा समाज में न्यायपूर्ण वातावरण स्थापित करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे. नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दी हैं.

अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

भोपाल, 18 नवंबर. राजधानी में ठंड की दस्तक के साथ ही प्रदूषण और स्मॉग की परतें हवा को भारी बना रही हैं। इसका सीधा असर शहर के अस्पतालों में दिख रहा है। हमीदिया, जेपी, सिविल डिस्पेंसरी और निजी अस्पतालों के पल्मोनोलॉजी विभागों में अस्थमा व सांस की समस्या वाले मरीजों की संख्या दो हफ्तों में 20-25 प्रतिशत तक बढ़ी है। शहर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। टीटी नगर, शाहपुरा पर्यावरण परिसर और कलेक्टोरेट परिसर प्रदूषण हॉट स्पॉट बन गए हैं, जहां एक्यूआई लगातार 300 के आसपास दर्ज किया जा रहा है। टीटी नगर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 313 रिकॉर्ड किया गया। यह 'विंटर अस्थमा वेव' के तेज प्रभाव का संकेत है। डॉक्टरों का कहना है कि सुबह 4 से 8 बजे तक प्रदूषण ज्यादा खतरनाक रहता है। इस समय मास्क पहनकर निकलें।

अब डाकघर में बिना अतिरिक्त शुल्क के जमा होंगे बिजली बिल

भोपाल, 18 नवंबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को डाकघरों और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) के अधिकृत प्रतिनिधि (डाकिये) के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बिजली बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई है.

अब बिजली उपभोक्ताओं को यह सरल और सुलभ भुगतान की सुविधा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के नजदीकी डाकघर में मिलना शुरू हो गई है. डिजिटल और सुरक्षित तरीके से डाकघर के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में भी उपलब्ध है. गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को प्रदत्त सेवाओं का विस्तार करते हुए बिल भुगतान की व्यवस्था को और अधिक सरल एवं सुलभ बनाते हुए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) के माध्यम से बिजली बिल भुगतान की विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक समझौता ज्ञापन (रूम) हस्ताक्षरित किया है. इस एमओयू मुख्य उद्देश्य इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक IPPB के सहायता प्राप्त चैनलों के माध्यम से बिजली बिल संग्रहण को सक्षम बनाते हुए बिजली उपभोक्ताओं को बिना अतिरिक्त प्लेटफॉर्म चार्ज के बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना है.

> अब बिजली उपभोक्ता इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के विस्तृत नेटवर्क और डाकिया/ग्रामीण डाक सेवक की सहायता से भी अपने घर के पास या घर बैठे ही आसानी से बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे.

प्रदर्शनी | 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2025 का शुभारंभ

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में 240 इनोवेटिव प्रोजेक्ट और मॉडल हुए प्रदर्शित

भोपाल, 18 नवंबर. बाल प्रदर्शनी 31 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी और शिक्षकों द्वारा समाजिक समस्याओं का सामाधान बताते 240 साइंस मॉडल एवं इनोवेटिव प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए हैं. साथ ही बाल वैज्ञानिकों के इस महाकुंभ में मैनिट, आईसेक्ट और आईआईएसईआर के वैज्ञानिकों से संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे.

बच्चों को अपनी स्वाभाविक जिज्ञासा और रचनात्मकता के लिए मंच उपलब्ध कराने तथा बच्चों को अपने आसपास हो रहे क्रियाकलापों में विज्ञान और गणित की उपस्थिति का अनुभव कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है. राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी है. देश के विभिन्न राज्यों के 230 विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में खाद्य-स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग और कंप्यूटेशनल थिंकिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन पर स्टाल लगाए हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.) में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रदर्शनी के द्वार पर पहुंचने पर बाल वैज्ञानिकों द्वारा विकसित रोबोट ने उनका स्वागत किया. उन्होंने बाल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन कर बाल वैज्ञानिकों से संवाद किया और बाल वैज्ञानिकों द्वारा विकसित रोबोट और तारामंडल के मॉडल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय प्रदर्शनी आगामी 23 नवंबर तक चलेगी.

> **स्कूलों में बढ़ाई जा रही है आईसीटी लैब की संख्या**
>
> स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देशभर से भोपाल पधारे बाल वैज्ञानिक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं. राज्य सरकार विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक और नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है. प्रदेश के स्कूलों में आईसीटी लैब की संख्या बढ़ाई जा रही है. जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कार्यक्रम में सहभागी बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं.

जयपुर स्टेशन पुनर्विकास कार्य के चलते ट्रेनें होंगी प्रभावित

भोपाल. उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के अन्तर्गत स्टेशन यार्ड में एयर कोनकोर्स कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेने प्रभावित रहेंगी.

आंशिक निरस्त ट्रेने (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाडी संख्या 12720, हैदराबाद-जयपुर रेलसेवा दिनांक 24.11.25 (कुल 01 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर अजमेर तक संचालित होगी. गाडी संख्या 12719, जयपुर-हैदराबाद रेलसेवा दिनांक 26.11.25 (कुल 01 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर अजमेर से प्रस्थान करेगी. अर्थात् यह रेलसेवा जयपुर-अजमेर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी. गाडी संख्या 12968, जयपुर-चेन्नई रेलसेवा दिनांक 23.11.25 (कुल 01 ट्रिप) जयपुर के स्थान पर दुर्गापुरा से प्रस्थान करेगी. अर्थात् यह रेलसेवा जयपुर-दुर्गापुरा के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी.